65 - No. 1

[ओइम तत्सत्]

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

(All rights reserved)

Shri Ram Chandra Mission

Publication Department

SHAHJAHANPUR, U. P. (India)

Annual Subscription Rs. 4.00 Per Copy Rs. 1.25

1965. No 1

❀ सम्पादक मंडल ❀

श्री काशीराम अग्रवाल (शाहजहाँपुर) हिन्दी विभाग

श्री सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव (लखीमपुर-खीरी) अंग्रेजी विभाग

—: विषय-सूची :—

	हिन्दी	लेखक	पृष्ठ संख्या
१	बंधन और मुक्ति	—समर्थ गुरु महात्मा राम चन्द्र जी फतेहगढ	१
२	ओइम् तत् सत्	—श्री विष्णु सहाय श्रीवास्तवा	६
३	राज़ो हक़	—श्री प्रमोद शंकर 'अमर'	११
४	आली री सखी उत्सव को दिन आयोरी	—कु० शशि टडन	१२
५	मन और हमारा स्वभाव	—श्रीमती सुषमा सक्सेना	१६
६	साधना	—श्री काशी राम अग्रवाल	१८

ENGLISH SECTION

Speech	—Sri Ram Chandraji, President	23
Salutations to beloved Babuji	—by Sri Raghavenandra Rao	29
Man's Problem	—by Sri Ishwar Sahai	33
Man's Quest for Peace	—by Sri Vishun Sahai Srivastava M. A.	40

ॐ

सहज मार्ग

उत्तिष्ठ जागृत प्राप्य बरान्निबोधत।

(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो !

वर्ष ६ / अंक १ — संवत् २०२२ विक्रमी / Year 1965 — Year 9 / No. 1

प्रार्थना

हे नाथ ! तूही मनुष्य जीवन का ध्येय है,
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक है,
तूही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है,
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है।

: ० :

O, Master !
Thou art the real goal of Human life,
We are yet but slaves of wishes,
Putting bar to our advancement.
Thou art the only God and Power
To bring me upto that stage.

सम्पादक की बात--

शान्ति आत्मा की एक सहज प्यास है, किन्तु यह सदैव अनबुझी रहती है, क्योंकि हमारे पहुँच (approach) के तरीके गलत होते हैं। बजाय वास्तविक समाधान खोज निकालने के हम केवल इधर-उधर भटकते रहते हैं और अपने को न समाप्त होने वाले अनिश्चय तथा अशान्ति के जलावर्तों में आबद्ध (entrapped) पाते हैं। संसार के वर्तमान ढांचे (set up) ने अग्नि में ईंधन का कार्य किया है। हमारा पूरे का पूरा दृष्टिकोण परिवर्तित हो गया है और हम सदा भौतिक सुखों के प्रतिरूप (embodiment) हो गये हैं। वैज्ञानिक उपलब्धियों और भौतिक प्रलोभनों ने सम्पूर्ण मानवता को दुख और कष्टों के अनमापे हुए दलदल में घसीट कर डाल दिया है जो स्पष्ट रूप से हमको विनाश के सघन गर्त में ले जा रही हैं। ठीक ऐसे उपयुक्त समय पर (at such a crucial juncture) हमारे समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जी, फतेहगढ़ पृथ्वी पर दैवीय संदेश (gleaming message of divinity) लेकर अवतरित हुए उन सभी टूटे दिल वालों तथा असहाय लोगों के लिये जिनमें अपने को उदात्तता (sublimity) और सूक्ष्मता (subtlity) की उच्चतर सतहों तक उठाने के लिये गंभीर उत्कंठा थी। उन्होंने राजयोग की पुरानी पद्धति में मौलिक परिवर्तन किये। उन्होंने इसे अत्यन्त सरल बनाया कि प्रत्येक बिना आम-जीवन की क्रियाओं में गड़बड़ किये हुये इसका अनुसरण कर सके। सम्पूर्ण मानवता में समर्थ गुरू के इस सन्देश के प्रसरण हेतु उनके परम योग्य शिष्य, 'दि डिवाइन अपोलो' महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, शाहजहानपुर ने श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना सन् १९४५ में की, जिसके शंखनाद ने उन सभी लोगों का स्वागत किया है जो आध्यात्मिक के उच्चतम शिखर पर अग्रसर होना चाहते हैं। शान्ति वाह्य साधनों से नहीं प्राप्त की जा सकती है, यह केवल आन्तरिक साधनों से ही मिल सकती है जिसके लिए हमें (proper course of action) कार्य करने की सही पद्धति चुनना है। इसका केवल एक मार्ग राजयोग है। सहज मार्ग का वर्तमान रूप (present system) कुछ नहीं राजयोग का केवल सुधरा और सुव्यवस्थित रूप है। जो समयानुकूल है, जो गतिशील प्राणाहुति शक्ति के साथ गम्भीर रूप से खोजने वाले को उनके संस्कारों के बन्धन (बोझ) से हलका करने में मदद करता है तथा आत्मा को प्रकाशित कर तथा महत् प्राप्ति (रियलाइजेशन) को सम्भव अत्यल्प समय में प्राप्त करने में सहायता करता है। सहज मार्ग हमारे सामने यही सन्देश प्रस्तुत करता है।

बंधन और मुक्ति

(समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी फतेहगढ़)

कृत्रिम भावना और कृत्रिम सम्बन्ध-स्थैर्य का विचार धर्म की भाँति मन की धारणा का एक रूप था, और मनुष्य की इच्छा शक्ति के एक ओर अथवा एक दिशा में होने का तमाशा था। अब रहा यह मामला कि भव बंधन कैसे होगा। इसका जवाब यह है कि विचार ने इस खेल को बंधन का कारण बना दिया।

काम से उपजे मन में आशा, आशा चित से धारी,
आशा मासा दृढ़ता आई, दृढ़ता मूल विकारी।
इस दृढ़ता में बंध के जी सूत कात मैं लाया,
ताना-बाना तान चलाया बंधन बीच फंसाया।
बंधन के बस तृषना बाढ़ी दुविधा दुर्मति खानी।
साँप छछूंदर की गति जैसी वैसा ही अज्ञानी।

आस न तोड़े पास न छोड़े रहै ताहि के पासा।
जहाँ आशा वहाँ बासा पावे अचरज अजब तमासा।
यह बंधन है काल की रसरी बिरला कोई लखि पावे।
'राधा स्वामी' दया करें जब मन की दुविधा जावे।

उदाहरण यह है कि नाटक के खेल में एक व्यक्ति राजा इन्द्र का स्वाँग बन कर आया। खेल २ में हृदय के दृढ़ विचार के कारण वह अपने आप को राजा इन्द्र समझ बैठा और नाटक के समाप्त होने पर भी यह विचार उसके दिल में जमा रहा। लोग उस पर हँसते रहे, समझते रहे। लेकिन वह कब मानने लगा परिणाम दुख हुआ हसी मजाक व्यंग और मखौल का निशान बना। दूसरा उदाहरण यह है कि स्वप्न में किसी व्यक्ति को किसी कारण ऐसा विचार आया कि मैं बीमार हूँ और यह विचार इस तरह जकड़ गया कि जागने पर भी उसको बीमारी का विचार बना रहा। अब जागने और सोने

में उसे यही भ्रम है। चाहे वह देखने में स्वस्थ अवश्य मालूम होता है, किन्तु वह मानता कब है। और अनावश्यक दुखी रहता है। यह बंधन का दूसरा उदाहरण है। और उदारहरण लीजिए किसी आदमी को भूत का भ्रम हो गया अंधेरी रात में उसने पेड़ का ठूंठ देखा समझा भूत आ गया उसकी विचार शक्ति ने ठूंठ को लम्बे दाँत वाला बताया। डर गया। डर कर भागा। गिरा और बेहोश हो गया। होश आने पर और आंख खोलने पर भूत का भ्रम उसके सर पर सवार है। और वह अनाप शनाप बकता और पागलों की भाँति घूमता फिरता है। और दुखी है। जब एक भ्रम जन्य विचार मनुष्य को इस तरह परेशान कर देता है तो उसके बंधन में आ जाता है और दुख पाता है। यह दुनिया भ्रम जन्य विचार का स्थान है। यहाँ हजारों प्रकार के भ्रम का कारबार होता रहता है। यदि मनुष्य उसके जाल में फंसकर दुखी न हो तो और क्या हो ? ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र भ्रम जन्य विचार है ग्रहस्थी, वानप्रस्थी, सन्यास भ्रम जन्य विचार है। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, यहूदी भ्रम जन्य विचार है। धर्म, परम्परा, सम्प्रदाय, पन्थ यह सब भ्रम जन्य विचार है। और इन्हीं में फसे हुए लोग बंधन से जकड़े हुए ऐसे परेशान हो रहे हैं कि वास्तविकता उनकी समझ में नहीं आती। यह सब बंधन वास्तविक नहीं हैं सबके सब कृत्रिम, भ्रमात्मक, विचार-सम्बन्धी और काल्पनिक है इनका क्रम बहुत दूर तक गया है यहाँ तक कि मरने के बाद भी वह परलोक में भी बना रहता है।

यदि यह बंधन समझ में आ जावे और दुख सुख के अनभव कर लेने के बाद चित्त में उपरान् अर्थात उनकी ओर से घृणा पैदा हो जावे तो जैसे दुनिया में बंधे हुए बहुत हैं वैसे ही छूटे हुए मुक्त भी कम नहीं है। ऐसे लोग तुरन्त ही इच्छा पैदा होते ही समझाने बुझाने के लिए आ खड़े होते हैं। इनको ज्ञानी तथा पहुंचे लोग कहते हैं यह उन बधे हुओं को अपने उपायों और उपदेशों से मुक्ति दिलवा देते है इनका अस्तित्व (बरकत) का कारण है ऐसे मुमुक्ष अर्थात मोक्ष की इच्छा वाले कहलाते हैं, यह उच्च कोटि के अधिकारी होते हैं। किन्तु ऐसे आदमी जो बंधन ही को प्यार करते हैं यह ईश्वर के बंदे जिद्दी और हठी होते हैं यह बंधन को नहीं तोड़ना चाहते केवल दुख से बचना चाहते हैं यह उनका अधिकार है। उनकी बीमारी के हकीम बहुधा धर्मों के प्रवर्त्तक होते हैं। जिन्हों ने भ्रम का इलाज दूसरे भ्रम से करके बहुतों को धीरे धीरे छुटकारा दिलाया है और दिला देते हैं। तीसरे प्रकार के अधिकारी

इनसे भी खराब होते हैं वह जानते बूझते हैं कि रीति-रिवाज विशिष्ट धर्म और परम्परायें बुरे बंधन हैं किन्तु सुधार के दुश्मन होते हैं। इनको मुक्त करने वाले जरा तबियत के सख्त होते हैं सख्ती से काम लेकर विश्वासों आदि का उलट फेरकर देते हैं। भ्रम जन्य विचार की जड़ क्रूरता और जुल्म के साथ खोदते हैं। यह दिल के नेक होते हैं किन्तु जब कोई और उपाय नहीं सूझता तो विवश हो कर सख्ती से काम लेना शुरू कर देते हैं।

चौथे आजाद करने वाले संत और फकीर कहलाते हैं जिनका अस्तित्व लगभग हर धर्म और सम्प्रदाय में होता है। यह सबसे अधिक सहृदय और सहानुभूति रखने वाले तथा अच्छे दिल वाले होते हैं यह मेवे यार बना कर दिलाते हैं (कल्याण मित्र) तोड़-फोड़ खंडन और मार-धाड़ नहीं करते सलामती और शाँति से असलियत का पता देते हैं अपने सत्संग का क्रस बढ़ा कर माया-ग्रस्त लोगो को अपने सत्संग का लाभ (फैज) प्रदान करते हैं, और बिना धार्मिक या साम्प्रदायिक घृणा के इच्छा रखने वालों को उनकी ही दृष्टि से समझते बूझते हुए अपना रंग देकर सब का अपना जैसा बना लेते हैं इस प्रकार मुक्त दाताओं के अनेक समुदाय हैं। मरीज तो किसी न किसी तरह इलाज का अधिकारी अवश्य है अब रहा यह कि कोई हकीम की बात मान कर परहेज के साथ दवा खाता है और जल्द अच्छा होता है कोई कोई बीमारी नादानी से पालता है, कोई बदपरहेज है कोई हकीम की बात जानते हुए भी नहीं मानता इसलिए हकीमों की तरकीबें अलग अलग होती हैं इनमें से श्रेष्ठ कोटि के अधिकारी वह बुद्धिमान रोगी हैं जो चिकित्सक के ऊपर विश्वास रखने वाले दवा के प्रति रुचि रखने वाले परहेज का पालन करते हैं। यह आसानी से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ कर लेते हैं। दूसरे कोटि के रोगी बात सुनते हैं किन्तु परहेज कम करते हैं उनका चिकित्सक समझा बुझा कर औसत दर्जे पर धीरे धीरे इलाज करता हुआ उन्हे स्वास्थ्य प्रदान करता है। तीसरे प्रकार के रोगी अच्छा होना तो चाहते हैं किन्तु वह बदपरहेज हद दरजे के होते है कड़वी दवा खाने से वह भागते रहते है और कभी चिकित्सक को घृणा की दृष्टि से देखते है प्रकृति उनके लिए कठोर हृदय चिकित्सक भेजती है जो उनके सीने पर चढ़ कर जबरदस्ती मुंह में दवा डालता है और उनकी कोई बात नहीं सुनता और कठोर से कठोर सख्ती क्रूरता, और जबरदस्ती के साथ इलाज करता है। और रोगी के हृदय की भावना का कुछ भी आदर नहीं करता। चौथे प्रकार के चिकित्सक संत और फकीर है जो रोगी के हमदर्द बनकर सहूलियत से इलाज करते हैं और रोगी चाहे जैसा हठी और बदमिजाज हो वह प्रेम से अपने

नियंत्रण में लाकर उन्हें आराम दिलाते है। चिकित्सा का अधिकार हर स्थिति में पूर्ति है।

मुक्ति का रंग (स्वरूप)

कष्टों से छुटकारा पाना मुक्ति है। मुक्ति अस्थायी होती है। और स्थायी भी। जब ऐसी मुक्ति हो कि फिर कभी दुख का बंधन न आये तो यह शाश्वत (स्थायी) मुक्ति है। क्या बधन शाश्वत है जो शाश्वत मुक्ति होगी? नही बंधन शाश्वत नहीं किन्तु अस्थायी हैं। यदि बंधन शाश्वत होते तो फिर फिर उनसे मुक्ति की सम्भावना न होती अब प्रश्न यह हो सकता है कि यदि बंधन अस्थायी हैं और शाश्वत नहीं तो मुक्ति भी अस्थायी होगी। बधन तो अस्थायी होते है किन्तु मुक्ति शाश्वत होती है।

कोई कहता है कि पत्थर की भाँति अनुभव और जाति से हीन हो जाना मुक्ति है कोई समझता है कि बूंद समुद्र में मिलकर उससे एक हो जाना मुक्ति है। कोई कहता है कि ज्योति में ज्योति मिल जाना मुक्ति है। किसी का विश्वास है कि जो ऊंचा चढ़ गया वह मुक्ति है। किन्तु इसमें से कोई बात सच नही। हृदय के सम्बन्ध का नाम बंधन है और हृदय की असम्बंधता का नाम मुक्ति है उसको त्याग भी कह सकते हैं। त्याग और वैराग को भी मुक्ति कह सकते हैं अब दोनों में अंतर सुनो जो अंतर कि त्यागी और संत में होता है सम्बन्ध में असम्बंद्धता और असम्बंधता में सम्बन्ध रखने वाले संत कहलाते हैं। यह उनकी मुक्ति है। उनका ढंग नफीयस बात (का शाधन अर्थात लगाव-अलगाव के स्तरों से (गुजरता) पार होता हुआ वास्तविक धन अर्थात लगाव जो अस्ति भोग कहलाता है। त्यागी वह है जो हर वस्तु का त्याग करता है। उनका ढंग मातृ-ऋण (नितान्त-अलगाव) के स्तरों को पार करता हुआ धन अर्थात लगाव की ओर जाता है और यह नेति कर्म है। दोनों का इच्छित लक्ष्य और आदंश एक हैं। एकमें (अस्पष्टता) वजाहत है दूसरे उससे रिक्त प्रतीत होता है। किन्तु पूर्णतयःऋण अर्थात अलगाव वह भी नहीं होगा। ऋण का ऋण कैसा इसका पूर्ण रुप तो एक अर्थहीन वस्तु है आन्तरिक रुप से वह भी धन अर्थात लगाव की ओर उद्दिष्ट रहता हैं और धन अर्थात लगावके स्वीकरण के अतिरिक्त कोई उपाय नहीं ऋणात्मक विधि शुद्ध ज्ञान का मार्ग है और धनात्मक-विधि प्रेम और भक्ति का मार्ग है। जो नितान्त धनात्मक है।

मुक्ति का विषय

मुक्ति प्राप्त करने का उपाय यह है कि :—

एक जन्म गुरु भक्ति कर, जन्म दूसरे नाम
जन्म तीसरे मुक्ति पर, चौथे में निज धाम।

—:o:—

एक जन्म ब्रह्मचर्य दूसरे गृहस्ती,
जन्म तीसरे वन गमन चौथे निज लोनी।

गुरु भक्ति का अर्थ केवल उपासना है कुछ दिनों प्रेम विश्वास पूर्वक गुरु का सत्संग करके सन्देहों को दूर करो फिर नाम अर्थात आंतरिक साधन अर्थात् जप आदि से कुछ दिन काम जो इसके क्रम में कुछ दिन में मुक्ति हो जावेगी। इसको जीवन मुक्त दशा कहते हैं। इसका कुछ दिन तक मजा लो, फिर असलियत के मुकाम पर स्वयंम पहुंच जाओगे। जहां से फिर लौटना नहीं होता। मुक्ति संत मत की उत्कृष्टता का आर्दश नहीं है। यह तो उपासना के क्रम में स्वयं ही प्राप्त हो जाती है। और आदत के नियम के क्रम में सत्संगी सुविधा पूर्वक जीवन मुक्त हो जाता है। उत्कृष्टता तो निज स्वरुप है जो हम में पहले ही से है। केवल भ्रम के कारण उसकी जैसी यथेच्छ समझ नहीं पैदा होती। उपासना अथवा भक्ति उसकी वजाहत (स्पष्ट) कर देती है, यह असली चीज है। जो वस्तु बंधन का कारण होता है उसके उलट देने से मुक्ति मिलती है। बंधन के कारण (तीन) हैं :— १) स्मरण (२) ध्यान (३) भजन अब इन तीनों का अभ्यास बाह्य और बाहरी वस्तुओं के साथ होता है तो उसका परिणाम जन्म होता है और जब हृदय में आन्तरिक हिदायतों के उद्देश्य के साथ उनका अभ्यास होता है तो फिर इन ऊपरी बाहरी और कम बन्धनों से मुक्ति मिल जाती है।(१)स्मरण का अर्थ बार-बार याद करना (२) ध्यान मात्र है खयाल का (३) भजन कहते हैं चिन्तन अर्थात लगातार ध्यान को। इन्हें गुरु की शिक्षा के अनुसार उलटो बाहर की ओर से बंदिश लग जाने और अन्दर की तरफ का पर्दा खोल दिया जावे। फिर धीरे धीरे मुक्ति की समझ भी आती जायेगी और मुक्ति मिल जायेगी।

ओइम् तत् सत्

दिनांक १२-१२-६५ को अन्नपूर्णा अनाथालय, मैसूर में श्रद्धेय श्री बाबू जी महाराज द्वारा दिया गया भाषण।

अनुवादक — विष्णु सहाय श्रीवास्तवा

हम में से बहुत से लोग मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति हेतु अत्यन्त अभिलाषी हैं और उसे अपना पुनीत कर्तव्य भी मानते हैं। परन्तु जब हम कर्तव्य का विचार करते हैं तो हम अपने को एक प्रकार के बन्धन में जकड़ा पाते हैं। वह बन्धन क्या है? हमारा आज का स्तर सीमा-बद्धता का एक संकुचित क्षेत्र मात्र है। हमारा आज का स्तर सीमा-बद्धता का वह स्तर है जिससे हम छुटकारा प्राप्त नहीं कर सकते और जिसे हम विस्तृत अनुभूति अर्थात् अनन्त सत्य तक ले जाते हैं। परन्तु यह मुख्यत: हमारे द्वारा अपनाये गये साधन और उपक्रम पर निर्भर करता है। यदि अकस्मात् हम उन साधनों में पड़ गये जिन के द्वारा हमारे बन्धनों और आवरणों में वृद्धि होती है तो निश्चित रूप से हम अनन्त सत्य की अनुभूति से कोसों दूर रहते हैं। साधन ऐसे भी हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति की रुचि के अनुकूल हों परन्तु वे वस्तुत: गलत अथवा अनुपयुक्त हो सकते हैं और जो केवल एक उस खिलौने की भाँति होंगे जिससे किसी बच्चे को क्षणिक आनन्द तो मिल सकता है परन्तु वे ही उसके हृदय में अधिक सुख और अधिक आनन्द प्राप्त करने की कामना उत्पन्न कर सकते हैं। वे उस के अन्दर एक वह आकर्षण पैदा कर देंगे कि वह अधिक से अधिक आनन्द प्राप्त करने का इच्छुक बन जायगा। परन्तु जब तक वह इस आनन्द के आकर्षण में फंसा रहेगा उसकी प्रगति अवरुद्ध रहेगी। उसकी स्थिति एक उस कूप-मन्डूक की भान्ति बन जायेगी जिसके निकट सारा संसार उसी कुएं में निहित है परन्तु यदि हमारा वर्तमान स्तर हम में अनन्तता के उच्चतर आनन्द की चेतना प्रेरित करता है तो हम अनन्त क्षेत्र में आगे बढ़ने के विचार के प्रति जागृति हो सकते हैं। इसीलिये यह कहा गया है कि ज्ञान के प्रत्येक भाग के लिये कम से कम दस गुना अधिक बुद्धि की आवश्यकता है। यदि

इतनी बुद्धिमता हममें है तो निश्चय ही ध्येय हमारी दृष्टि में रहेगा और हम सत्य के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे बढ़ने की प्रेरणा पाते रहेंगे। परन्तु कठिनाई तो उस समय पड़ती है जब हम प्रगति हेतु अपनी ही साधन-सम्पन्नता में जकड़े रहते हैं। ऐसी दशा में मोक्ष प्राप्ति का विचार तक हम में उत्पन्न नहीं हो पाता। यह वास्तव में एक बहुत बड़े खेद की बात है। ऐसे लोग सदैव अपने ही विचारों के शिकार बने रहते हैं जो उनके अपने विचार और अभ्यास के आवरणों में निरन्तर वृद्धि करते रहते हैं। इस प्रकार से वे अपने साधनों में इतनी संकीर्णता उत्पन्न कर लेते है कि वे उस दलदल से छुटकारा प्राप्ति के साधनों को सुनने तक को तैयार नहीं होते।

इस प्रकार से प्रारम्भ में अपनाये गये साधन ही हमारे मार्ग में रोड़ा बन जाते हैं। वास्तव में मनुष्य की आत्मा की उन्नति का कोई निश्चित स्तर या सीमा नहीं है क्योंकि हमें तो अन्त में उस महा अनन्त में अपने को लय कर देना है। यदि अन्तिम लक्ष्य हमारी दृष्टि में रहे तो प्रारम्भ में अपनाये गये साधन ही हमें उस अन्तिम लक्ष्य तक पहुंचायेंगे या अग्रसारित करेंगे और ईश्वर स्वयं हमें उस पथ-प्रदर्शक की प्राप्ति करायेगा जो हमें आदि शक्ति की अनुभूति कराये। इसके विपरीत यदि किसी ने स्वयं वास्तविक सत्य को पूर्ण रूपेण न समझा हो तो उसके द्वारा अपनाये गये साधन उसकी प्रगति में बन्धन का काम करेंगे। इसलिए निश्चित सफलता का एक ही साधन है और वह यह कि मनुष्य अपने में अपने ध्येय की प्राप्ति हेतु एक घोर तड़प पैदा करें और यदि उसने ऐसा कर लिया तो पथ प्रदर्शक स्वयं उसकी खोज करेगा।

जो लोग वास्तव में सत्य की झलक देखना चाहते हैं मेरी राय में उनके लिये एक ही उपाय है और वह यह कि वह लोग वह साधन अपनायें जो उसके अन्तस्तल पर प्रभाव डाल सकें। इस हेतु अपनाये गये वाह्य साधन व्यर्थ है जिसके द्वारा ध्येय की प्राप्ति असम्भव है।

वास्तविक साधनों की खोज हेतु हमें उन बातों पर विचार करना है जो सृष्टि के निर्माण का कारण बने। निश्चय ही इस हेतु एक शक्ति कार्य-शील थी। वह क्या है? वह केवल संकल्प ही था जिस में उत्पत्ति का भाव निहित था और उसके साथ ही साथ उसकी पृष्ठ भूमि में उसके पोषण और विनाश का भाव भी निहित था। वही संकल्प मनुष्य में भी अवतरित हुआ जो

उसके अस्तित्व का एक अभिन्न अंग बन गया। यदि हम अपनी उस शक्ति का उपयुक्त उपयोग करें तो हमारी समस्या का हल मिल जायगा। विचार में वही शक्ति निहित है परन्तु उसका विस्तार मानव स्तर तक ही सीमित है। ज्यों-ज्यों हमारा विकास होता है यह शक्ति में परिणित होने लगती है और हम अपने अस्तित्व के विभिन्न स्तर और क्षेत्र निर्मित करने लगते हैं जिसमें से होकर हमें अपने ध्येय की प्राप्ति हेतु गुजरना पड़ता है। यह बन्धन आवरण बन जाते हैं जिनके कारण हम वास्तविकता ही झलक तक देखने में असमर्थ रहते हैं। ऐसी स्थिति में इन से मुक्ति हमें तभी मिल सकती है जब हमें किसी उच्चतम स्तर के पथ प्रदर्शक का सहारा मिले जिसकी सहायता से हम अपने इन बन्धनों को तोड़कर अनन्त सत्य की प्राप्ति के मार्ग को सरल और सुगम बना सकें। हमारे अपने चक्र ग्रन्थियां तथा उप ग्रन्थियाँ आदि प्रारम्भ में हमारी उन्नति में रोड़ा अटकाते हैं जिनमें से होकर हमें सत्य की प्राप्ति हेतु गुजरना है। इसके अतिरिक्त हमारे गलत विचार और अभ्यास भी अनेक जटिलतायें उत्पन्न कर देते हैं जिसको हमें आत्मशुद्धि (cleanig) की युक्ति से दूर करना है।

संक्षेप में उस मालिक का सहारा नितान्त आवश्यक है जिस ने स्वयं कुल यात्रा कर ली हो और अपने में उस ईश्वरीय शक्ति का संचार कर लिया हो। केवल ऐसी स्थिति में ही ईश्वरीय केन्द्र की दिव्य शक्ति अभ्यासी में संचारित होने लगती है। यह सूक्ष्म शक्ति इतनी प्रबल होती है कि उच्चतर स्थितियों में इस के प्रवाह की प्रबलता में टिक सकने में असमर्थ होने के कारण अभ्यासी नीचे लुढ़क आता है। ऐसी स्थिति में मालिक की अलौकिक शक्ति ही वह सहारा है जो अभ्यासी को उस प्रबल प्रवाह में ऊपर खींच लेती है और सत्य का अवलोकन करने में उसे सहायक होती है।

परन्तु अभ्यासी के भी कुछ कर्त्तव्य हैं। सर्व प्रथम मालिक में उसका अटूट विश्वास होना चाहिये और उसका सर्वत्र सहयोग भी नितान्त आवश्यक है। यदि वह ऐसा कर लेता है तो निश्चय ही दिन प्रति दिन जागृति चेतन में अद्भत परिवर्तन होता जायगा और साथ ही साथ चेतनाओं की उच्चतर स्थितियों में होकर उसकी यात्रा आरम्भ हो जायगी। साधारणत: चेतना तीन प्रकार की होती हैं —चेतना, उप चेतना और दिव्य चेतना। यह एक प्रकार से विस्तृत भाग कहे जा सकते हैं यद्यपि कि इनमें भी असख्य स्तर विद्यमान हैं। कर्मों के फल अथवा निम्न स्तरीय चेतना हमारे उप चेतन मन पर अपना

प्रभाव डालती है और हमारे भाग्य का निर्माण करती है। इसलिये सर्व प्रथम हमें सही विचार और सही कर्मो द्वारा निम्न स्तरीय चेतना को सुधारना है ताकि वह स्वयं एक उस शक्ति में परिवर्तित हो जाय जिसके द्वारा उप चेतन मन अधिक उत्तम स्थिति में लाया जा सके। यह स्वयं हमें दिव्य चेतना की स्थिति तक पहुंचा देगा। मेरे विचार से यदि दिव्य चेतना के शब्द को संशोधित करके दिव्य-उप-चेतना कहा जाये तो उसके अग्रिम प्रभावों को समझना सरल हो जायगा। किसी प्रकार यदि मालिक की कृपा से हम यहाँ तक पहुँच गये तो दूसरा अध्याय प्रारम्भ हो जायगा। एक उच्चतर स्थिति का दृश्य हमारी दृष्टि में आ सकेगा। उच्चतर शब्द का अर्थ केवल उन दशाओं से है जो सूक्ष्मतम दुर्लभ स्थितियाँ हैं और इस संदर्भ में आई समस्त आध्यात्मिक दशायें और क्षेत्र इसी अर्थ से सम्बन्धित हैं। संक्षेप में चेतना की विभिन्न दशायें एक दूसरे के बाद हमें त्रिगुणातीत की दशा तक और यहाँ तक कि सत्य से भी परे ले जाती हैं। मोक्ष की स्थिति उसके बाद प्रारम्भ होती है परन्तु उसके लिये बहुत ही कठिन यात्रा तय करनी पड़ती है। जब मोक्ष का प्रारम्भ हुआ तो यात्रा की सारी थकान दूर हो जाती है। हम उसके बोझ से हल्के हो जाते हैं।

परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि हमारी यात्रा समाप्त हो गई। हम अब भी मूलाधार की ओर बढ़ते जाते हैं जहाँ अनुभूति अपना वास्तविक रूप धारण कर लेती है। रंगदार स्थितियों का दृश्य समाप्त हो जाता है और हम अनन्त सत्य के सही रूप का अवलोकन प्रारम्भ कर देते हैं। परन्तु यात्रा अब भी समाप्त नहीं हुई। अब भी कुछ बाकी हैं। मनुष्य की सामर्थ्य के बाहर है। उस स्थिति में यद्यपि हमारे सफर का अन्त भले ही हो गया हो परन्तु फिर भी जब तक वह भाव उपस्थित है वह स्वयं ही एक बन्धन है। ऐसी स्थिति में मालिक की सहायता ही एक मात्र वह सहारा है जो हमें उससे ऊपर ले जा सके परन्तु वह तभी सम्भव है जब हम में अपना भान भी न रहे। इस प्रकार से मैं यह अधिक उचित समझता हूँ कि लोग बजाय अपने को जानने के अपने को भूलने का प्रयत्न करें।

वास्तव में यह आत्म-समर्पण की वह स्थिति है जब मनुष्य सच्चे भक्त की भांति अपने को पूर्णतया मालिक की इच्छा पर छोड़ देता है और इस प्रकार उस की कृपा रूपी निर्मल धारा से अपने को सदैव सराबोर पाता है यह मालिक और सेवक का नाता है जिसे सदैव बनाये रखना है क्योंकि इसी

ने हमें दिव्य चेतना के उच्चतर स्तर तक पहुंचने में सहारा दिया। यही वह स्थिति है जहाँ हमारे अस्तित्व की वास्तविकता प्रकट होती है परन्तु यदि मोक्ष का विचार उपस्थित है या इस विचार का अनुभव मात्र भी है तो भी हम बन्धनों से मुक्त नहीं है। जब मोक्ष की चेतना भी समाप्त हो गई तो मनुष्य अपने को अपार आश्चर्य में खोया पायेगा जहाँ पर सत्य का भान भी नहीं रहेगा। वह यह भी अनुभव नही करेगा कि वह अनन्त से सामीप्य रक्खे है। इस दशा का अधिक सुन्दर वर्णन तभी हो सकेगा जब या तो अभ्यासी इस स्थिति में पूर्णतया लय हो जाये या अनन्त की स्थिति स्वयं उस पर पूर्ण रूपेण अवतरित हो जाये। जब सब कुछ समाप्त हो जाय तो मनुष्य अपने को शून्य पाता है। ब्रह्म में लय अवस्था प्रारम्भ हो जाती है परन्तु फिर भी हमें मनुष्य के अन्तिम लक्ष्य तक पहुंचने के लिये निरन्तर आगे बढ़ते जाना है।

मैं पूर्णतय: निर्भीक रूप से यह कह सकता हूं कि विश्व में सहज मार्ग के अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग अथवा साधना ऐसी नहीं है जो मनुष्य को उसके जीवन की छोटी सी अवधि में ही ऐसी उच्चतम आध्यात्मिक उन्नति प्रदान कर सके। सहज मार्ग आज हमारे सामने यही संदेश प्रस्तुत करता है।

"राज़े-हक़"

(श्री प्रमोद शंकर 'अमर' सीतापुर)

हुए थे राम जिस युग में सभी ने था नहीं जाना,
बजाई श्याम ने मुरली मगर सबने न पहचाना।

न समझा बुद्ध को जग ने अहिंसा उनकी ठुकराई,
कि ईसा को चढ़ा सूली हँसी उनकी भी उड़वाई।

लिया अवतार मेरे राम ने घनश्याम फिर आये,
त्रिदेवों से बहुत ऊँचे स्वयं ईश्वर उतर आये।
कि आये फिर से हैं देखो सहज सा मार्ग बतलाने,
सुनाने सत्य की गीता नया युग एक फिर लाने।

न दोहराना कहानी फिर पुरानी इस दफा देखो,
बनालो अपनेजीवन को समय से अब तो कुछसीखो।

महायोगी कन्हैया थे जिन्हें कुछ चोर कहते थे,
निरा ग्वाला समझते थे बड़ा मुँहजोर कहते थे।
सिखाया ज्ञान अर्जुन को महाभारत रचा करके,
किया सब कृष्ण ने ही था मगर खुद को छुपा करके।

यहाँ भी ज्ञान मेरे श्याम ने अपना है फैलाया,
तवज्जो दी हजारों अर्जुनों को फिर से दर्शाया।

नहीं इस बार कोई युद्ध इन्होंने रचाया है,
बदल देंगे हृदय इस बार ऐसा दिल में आया है।

जमाने को बदल देंगे ये है सरकार के मन में,
है कुदरत ने इन्हें भेजा सभी कुछ भर दिया इनमें।

सवाली हूं तेरे दर का करम एक बार हो जाये,
कि हूं नाचीज मुझपे भी नजर सरकार हो जाये।

नहीं है ज्ञान जो समझूं मेरे मालिक तेरा रुतबा,
मोहब्बत है तेरी, आका, मेरी दुनियां मेरा उक़बा।

"आली री सखी 'उत्सव' को दिन आयोरी"।

लेखिका—कु० शशि टंडन

नोट :—प्रीतम=ईश्वर,

प्रियतमा=प्रीतम (ईश्वर) की सेविका

आतुरी=प्रीतम को पाने की उत्सुक)

प्रियतमा ! खोई खोई सी क्या सोच रही है। सुनते ही प्रियतमा की स्मृति चकरा गई। स्मृति विस्मृत हो गई 'प्रियतम' की याद में खो गई। तभी पुनः परिचित तथा प्रेम भरा सखी का प्रश्न सुनकर प्रियतम चौंक कर बोली :—

आतुरी ? खोई खोई सी याद आ रही है प्रीतम की।

आतुरी—'किसकी' याद ?

प्रियतमा—आपने अविस्मरणीय 'राम' के सत्संग की।

आतुरी—'सत्संग' की ?

प्रियतमा—'राम' की मधुर वाणी की, 'प्रीतम राम' की।

आतुरी—यह 'राम' कौन है ? रे सखी मुझसे छुपाती है, बता 'यह' कौन है ?

प्रियतमा—जानती नही 'मेरा प्रीतम राम'।

आतुरी—बताओ सखी। कैसा है तेरा 'प्रियतम राम'।

प्रियतमा—कैसे बताऊं अपने 'राम' की अमर कहानी।

आतुरी—कुछ तो बता री। हृदय विह्वल हुआ जा रहा है, मन आतुर है तेरे 'राम' का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे मेरा भी खोया हुआ 'प्रियतम' मिल गया हो।

प्रियतमा—सचमुच 'मेरे 'बाबूजी' को नहीं जानती।

आतुरी—'राम' को तुझसे बड़ा प्रेम है ? क्यारी !

प्रियतमा—हाँ सखी ! प्रियतमा को 'प्रियतम' से या 'प्रियतम' को प्रियतमा से जैसे भी चाहे समझले। ऐसे ही समझ :—

मोहब्बत मानियो अलफाज में लाई नहीं जाती।

सखीरी ! यही ऐसी हकीकत है जो समझाई नहीं जाती॥

आतुरी—मुझे भी जल्दी से सब कुछ बता दे अपने 'राम' के विषय में बड़ा। चैन मिल रहा है, मैं भी चलूंगी तेरे 'राम' के पास।

प्रियतमा—चलेगी, जरूर चलेगी इससे अधिक मधुरमय सुअवसर कहाँ मिलेगा ?

आतुरी—कैसा सुअवसर ?

प्रियतमा—हमारे 'मिशन' का वार्षिकोत्सव महान् पर्व 'बसंतोत्सव' जो आ रहा है।

आतुरी—कैसा उत्सव ?

प्रियतमा—हमारे 'महान् विभूति लाला जी साहब' का जन्म दिन जो है।

आतुरी—यह 'लालाजी साहब' कौन हैं ?

प्रियतमा—हमारे 'प्रियतम' 'राम' के "प्रियतम" राम।

आतुरी—अच्छा ! तो उन 'महान् विभूति' का जन्मोत्सव है।

प्रियतमा—हाँ, हाँ जन्मोत्सव ही नही 'विश्वोत्सव' है फैज बरसेगा, देखती रह जाओगी हमारे 'राम' की महिमा।

आतुरी—सौभाग्य मेरी सखी ! हृदय में न जाने क्या जाग गया—इस महिमा की गरिमा को सुनकर।

प्रियतमा—मेरी प्रिय सखी ? बस केवल सौभाग्य ! दुर्भाग्य और सौभाग्य तो नरक और स्वर्ग के समान है। नरक मिला तो दुर्भाग्य, स्वर्ग मिला तो सौभाग्य। लेकिन हमे तो नरक और स्वर्ग से 'परे' कुछ मिलना है फिर नरक और स्वर्ग के दुर्भाग्य और सौभाग्य से क्या वास्ता। उस 'परे' को पाने के लिए कुछ और ही प्राप्त हुआ है जो दुर्भाग्य और सौभाग्य से परे है। इसके इसके लिए शायद कोई शब्द नहीं।

आतुरी—एक बात पूछूं बार-बार यह तू 'हमारे राम' 'हमारे राम' क्या कहती है !

प्रियतमा—बात यह है सखी कि बिना हमारे 'राम' के माने ही नही पूरे होते सब कुछ अधूरा सा प्रतीत होता है।

आतुरी —सुना है सखी ! 'प्रियतम' झिड़कियाँ भी देते हैं ।

प्रियतमा —मेरे 'प्रियतम' झिड़कियाँ नहीं देते । झिड़कियाँ कहते किसे है– मेरे प्रियतम' तो यह भी नही जानते ।

आतुरी —अच्छा तो तेरे 'प्रियतम' इतने अच्छे हैं ।

प्रियतमा —कैसे गान करू-कैसे संदेश सुनाऊं अपने 'प्रियतम' का ।

आतुरी —दिखा तो सही अपने उन निराले, अगम्य, अनोखे 'प्रियतम' को ।

प्रियतमा —अभी तो प्रेमियों को बुलावा देने गये हैं 'प्रियतम' ।

आतुरी — काहे का बुलावा ।

प्रियतमा—'उत्सव' का अपने प्रियतम के जन्म दिनका । 'उत्सव' में देखना प्रेमियों का प्रेम, स्नेह, प्यार । देख कैसी श्रेष्ठ भाग्यशीलता से भी विमुक्त है हमारे 'प्रियतम' के प्रेमी ।

आतुरी—तेरे 'प्रियतम' को इतना सब प्रेम करते हैं ।

प्रियतमा—हमारा 'प्रियतम' तो विश्व का प्यारा है । विश्व के हृदय अंचल में छुपा बैठा है 'प्रीतम राम' ।

आतुरी — मुझे तो नहीं दिखता ।

प्रियतमा —'प्रियतम' के दिये हुए चक्षुओं की ओर आपने चक्षु तो मोड़ । सब कुछ दिख जायगा सखी । सब कुछ ।

देख ! सब विकलता से इन्तजार कर रहे हैं उत्सव का, विश्वोत्सव का, उस मनोरम दृश्य का, उस अद्भुत वातावरण का साथ ही 'राम' के मिलन के दिवस का ऐसा लगता हैं 'राम चौदह वर्ष बाद आयेंगे' उत्सव पर ।

आतुरी — चौदह वर्ष हो गये तेरे 'राम' को गये ।

प्रियतमा —नही सखी ! चौदह दिन ही चौदह वर्ष के समान है ।

आतुरी—क्या इतना लम्बा दिवास प्रतीत होता है ?

प्रियतमा —अनभिज्ञ न बन आतुरी ।

'प्रियतम' को पहिचान प्रियतम को पहिचान,
सखीरी ! प्रियतम को पहिचान ।
तेरे उर में बैठे मेरे 'प्रियतम',
सखीरी ! प्रियतम को पहिचान ।

अब उत्सव बहुत निकट है । ऐसा लगता है सर्वजगत का रोम रोम 'लाला की याद' की बाट जोह रहा हो । सर्व साजो के तार मानो अभी से झंकृत हो 'राम' के स्वागत की रूपरेखा तूलिका बना रहे हों ।

आतुरी बेहद प्रसन्न है । वा तब में 'आतुरी' तू तो आतुर हो गई प्रियतम को देखने के लिए ।

प्रियतमा —उत्सव आ गया-'राम' आ गये देख महिमा गरिमा मेरे 'प्रियतम' की-'राम' को देख सखी ! 'लाला के द्वारा प्रस्फुटित सर्वजगत को देख । कैसा वातावरण है मेरे 'मिशन' का, कैसे है मेरे 'लाला जी' मेरे 'बाबूजी' । अच्छे लगे न मेरे 'प्रियतम' ।

आतुरी — सचमुच सखी जुबान नहीं जो कहूं कितने अच्छे लगे । जगत से परे जो 'अच्छा' है उतने अच्छे । सारे जन्मों को भूल गई प्रियतमा । इस शोभामय लालिमा को देखकर । धन्य है मेरा जीवन धन्य सखी ! तेरे 'प्रियतम' को पाकर ।

प्रियतमा —देख, देख और देखती रह । नेत्र कभी नहीं थकेगे इस 'अट्ट लालिमा' का अन्तर देखकर । इसकी धाराएं अपने अन्तरतम हृदय तक छू जाने दे ।

आ ही गया सुन्दर मनोरम 'उत्सव' जिसकी बाट जोह रहा था विश्व ।

मन और हमारा स्वभाव

(—बाबू जी महाराज के चरणों में !)

(लेखिका—श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव)

मानव हृदय आज के भौतिक उथल-पुथल के कारण पतन के गर्त में गिरता जा रहा है। आज मनुष्य सम्पत्ति का स्वामी होकर भी मनुष्यत्व के गौरव से रहित हो गया है। यही कारण है कि आज उसके स्वभाव को असन्तोष, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, और अविश्वास की आँधियों ने घेर लिया है।

यदि गम्भीरता से देखा जाय तो हमें ज्ञात होगा कि मानव जाति के लिये महान् संकट उपस्थित हो गया है। स्वभाव के कारण ही व्यक्ति अच्छे और बुरे कहलाते हैं। स्वभाव से ही बड़ी से बड़ी चीजों पर विजय प्राप्त कर ली जाती है। यह स्वभाव हमारे मन पर निर्भर है। मन के आदेशानुसार ही सारे काम होते हैं। उसी से हमारे स्वभाव का निर्माण होता है।

मन हमारी समस्त क्रियाशीलता का केन्द्र है। हमारे कार्यों, विचारों तथा भावों आदि सबका वह नियामक भी बन जाता है। इतना शक्तिशाली होने के साथ ही वह बहुत चंचल भी है। इसे स्वतन्त्र छोड़ देने पर वह शारीरिक चेतना के साथ मिलकर हमारी वासनाओं, आकांक्षाओं और सुखों को पूरा करने में लग जाता है। उसी में वह बुरी तरह से उलझा रहता है। यही हमारे बहुमुखी पतन का कारण बन जाता है। यही कारण है कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कह कर मन की निन्दा भी की जाती है। मन में बुराइयाँ पैदा हो जाती हैं और वे सदैव के लिये अपना आसन जमा लेती हैं। स्वभाव इस प्रकार मन का दोष भी बन जाता है।

सहज मार्ग में मन तथा स्वभाव को शुद्ध करने का ढंग अत्यन्त उत्तम है। जो कुप्रवृतियाँ भौतिकता के प्रभाव से उत्पन्न हो जाती हैं, उन्हें आध्यात्मिक उन्नति के लिये दूर करना परमावश्यक है। वह सहज ढंग "ध्यान" का है। इससे मन की क्रिया-कलापों का संयमन होता है। ध्यान का अभ्यास बढ़ने पर हमें शांति का अनुभव होने लगता है। ध्यान से ही हमारे स्वभाव में दिव्य गुण अवतरित होने लगते हैं। इससे हमारा ईश्वर से सीधा सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। गुरू कृपा से मन पाप से मुक्त रहने लगता है। मनुष्य के अन्दर सोई हुई दिव्य सौंदर्यानुभूति इस साधना द्वारा जाग्रत हो जाती है।

सहज मार्ग की साधना वस्तुतः मन की साधना है। इससे स्वभाव में शीघ्र ही परिवर्तन होता है और प्राकृतिक गुण आने लगते हैं। वाणी में मधुरता मालूम होने लगती है। हमारे व्यवहार का रूप बदल जाता है।

स्वभाव के सुधार का अर्थ केवल यह नहीं कि हम बुरे कर्मों या बुरे विचारों से दूर रहें। बुराई से बचना, अच्छे कामों की ओर अग्रसर होना, सबसे प्रेम और सहानुभूति रखना सुधार के परम लक्षण हैं। इसके बिना आध्यात्मिक मार्ग में पग आगे नहीं बढ़ सकता। इसके अतिरिक्त और भी बहुत सी बातें हैं। स्वभाव के सुधार का वास्तविक अर्थ यह है कि जहां पर जैसी आवश्यकता हो अपना करे किन्तु मन प्रभाव से मुक्त रहे। किसी की बात का अपने ऊपर असर न आने दे। स्वभाव के सुधार से यही अभिप्राय है कि प्रकृति से समानता हो जाय। परन्तु यह बात तभी संभव है, जब इसके लिये ऐसे साधन काम में लाये जाये जो स्वभाव में संतुलन स्थापित करने में सहायक हों।

साधना

(श्री काशी राम अग्रवाल, शाहजहाँपुर)

जीवन के लिए आध्यात्मिकता की कितनी आवश्यकता है यह तो विचार करने से ही पता चल सकता है, और उसकी पूर्ति सिवाय साधन, अभ्यास के और कोई उपाय से नहीं हो सकती। साधना वह काफी नही है जो अधिकतर लोग करते आ रहे हैं। यह प्रत्यक्ष देखने में भी आ रहा है कि वह पूजा जो अधिकतर लोग करते आ रहे है, वह मन के संतोष के अतिरिक्त हमें और लाभ नहीं दे पाती। स्वभाव आदि में कोई परिवर्तन नहीं आता तो हमें कोई लाभ नहीं हो सकता। जितनी पूजायें बढ़ती जा रही हैं, बेईमानी उससे आगे बढ़ती जा रही है। इससे सिद्ध होता है कि पूजा का ढंग सही नही है उसे सुधारना ही होगा।

जब कभी आध्यात्मिक विषय पर मित्रों से चर्चाएं चल पड़ती हैं तो अक्सर लोग कहने लगते हैं, यह सब तो बुढ़ापे के लिए ही है, अभी तो हमें यह करना है, और वह करना है, हमारे व्यापार को कौन सम्भालेगा, हमारे बच्चों को जुम्मेदारी से कौन देखेगा, मैं तो एक घन्टा पाट-वाठ कर ही लेता हूँ। यह भाई अभी तक पूजा के अर्थ भी न समझ सके, और इन्हें बताने वाले ने भी, न जाने पूजा के क्या क्या अर्थ पढ़ाये हैं। साधना की बात हो रही है, उन्हें कोई लगोंटी बान्ध कर ब्रह्म पुत्र नदी में कूदने के लिए नही कहता सम्भव है किनारा हाथ लग पाय या न लग पाये बीच में ही डूब जाय और वापिस आने की आशा ही न रहे, अन्यथा यह प्रश्न ही नही उठता कि बच्चों को कौन सम्भालेगा, जुम्मेदारी कौन देखेगा। रही बात बुढ़ापे में करने की तो मेरी समझ में यह नहीं आता जब भगवान को बुढ़ापे में ही याद किया जाता है और पूजा, अभ्यास की अभी जरूरत नही समझते तो जब मुसीबत आ पड़ती है, चारों तरफ से जो सहारा लोगों से चाहते हैं वह नही मिलता और निराश होकर रह जाते हैं तब उसे उसी का सहारा नजर आता है, गला भर जाता है। आखें बहने लगती हैं हाल बेहाल हो जाता है, तब कहता है,

हे ईश्वर एक तेरा ही सहारा है, और वह उस की प्राप्ति के साधन ढूढ़ने लगता है, तड़फ पैदा हो जाती है उसको पाने के लिये बेचैन होने लगता है, महात्माओं से मिलता है और अपनी समस्या सुलझाना चाहता है। जब यह बातें बुढ़ापे की हैं तो जबानी में क्यों ऐसी आवश्यकता उसको याद करने की पड़ जाती है। ऐसा वही व्यक्ति कहते हैं जिन्होंने अपनी आत्मा को गर्द से ढ़क लिया है और जिन्दगी के उतराव चढ़ाव नहीं देखे हैं।

जब मैं मित्रों से सहज-मार्ग साधना की बात करता हूं तो उनका यही उत्तर होता है कि जो कुछ आप लोग करते हैं वह ठीक है और इतनी दुनिया मन्दिर में जाती है क्या वह सब बेवकूफ है, हाँ बेवकूफ तो नहीं है, परन्तु मुझे भी आश्चर्य अवश्य है। क्योंकि इतनी दुनिया मन्दिरों में जाती है तो इतनी दुनिया बजाय बनने के बिगड़ती क्यों जा रही है, इसीसे सिद्ध होता है कि वास्तव में वह स्वयं को धोखा दे रहे हैं और वह पिछली साधनाओं पर हैं, अब समय के साथ उसे भी बदलना अवश्यक हो गया। अगर ऐसी बात न होती तो इतने अवतार न होते और हर अवतार अपने साथ अलग-अलग रास्ता भी नही लाते, एक ही रास्ता होता, लेकिन समय-समय पर दुनिया बदली और उसी के साथ अलग अलग मार्ग के बदलने की आवश्यकता पड़ी और रास्तेबदलते आए। क्या किसी सही और गलत चीज का अन्दाजा अधिक और कम संख्या से लगाया जा सकता है अगर ऐसी बात है तो मैं उन भाइयों से पूछता हूं कि आज सौ में अट्ठानवे लोग झूठ बोलते हैं, बेईमानी करते हैं, शराब पीते हैं अगर दो ऐसा नहीं करते तो क्या यह दो गलत हैं। भाई जो चीज़कीमती होती है वह दुनिया में कम होती है और जो कम कीमती होती है वह दुनिया में अधिक होती है जैसे हीरे, मोती, जवाहरात आदि कितने कम हैं मगर कीमत क्या है ? और पहचान कितनों को है, और लोहा लक्कड़ कितना अधिक है और कीमत क्या है ? स्कूलों में ऊंचे दर्जों में लड़के कितने कम है और छोटे दर्जों में कितने अधिक हैं। खैर मैं इन बातों पर नहीं जाता, मगर हमें उसके नतीजे को अवश्य देखना है जो हम करते जा रहे है। अब आप उन लोगों से पूछिये जो अपनी जिन्दगी के ७०-८० वर्ष उसी पूजा में बिता चुके हैं, जिसे बचपन से करता आ रहे हैं, और इस ८० वर्ष तक पूजा करते रहने पर स्वयं का कितना बदला है।

अब मैं उस सहज मार्ग साधना की चर्चा करने जा रहा हूँ, जो कुछ ही समय में मनुष्य को जो भूले भटके व्यक्ति की भाँति दुख-दर्द

लिये, परेशान एक चौराहे पर खड़ा है ऐसे निराश व्यक्ति को सही रास्ता बताती हैं, और आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर सहारा देती है, और गृहस्थधर्म तथा आध्यात्मिकता दोनों को साथ लेकर चलने की कला सिखाती है। मुझे याद हैं जब मैं आसाम में था तो मैंने पू० बाबूजी, द्वारा लिखित Reality at Dawn, पुस्तक को हिन्दी में छपवाने के लिए पू० बाबूजी, को लिखा तो मुझे उत्तर यही मिला कि भाई यह भी एक पाप है कि तुम उन बच्चों का हक छीन कर एक किताब की छपाई में लगा दो, तुम्हारे पास आमदनी का जो जरिया है वह मैं जानता हूं तुम्हें ऐसा करने की मैं आज्ञा नही दे सकता, इसलिए कि एक हजार रु० जो पुस्तक छपवाने में खर्च करोगे तो तुम्हारे जुम्में जो बच्चों की पढ़ाई का, रहन-सहन, खान-पान उनकी उन्नति आदि का प्रबन्ध लगा है उन सब में बाधा पड़ेगी और वह बाधा डालना गृहस्थधर्म के नियम के खिलाफ है। अब आप सोचें कि क्या आज के महात्मा लोग इस प्रकार दोनों तरफ देखकर चलते हैं बल्कि यही कहेंगे बेटा धर्म में लगाओ चाहे बच्चों की पढ़ाई व खाने पीने के लिए कितने ही कष्ट क्यों न उठाने पड़ें, मगर सहज मार्ग आपको ऐसा नहीं करने देता, क्योंकि वह दोनों तरफ देखकरचलता है। और जैसे अन्य पूजाओं में उन्हे चाहे लाभ हो चाहे न हो संतोष कर लेता है और साथ-साथ यह शिकायत भी रहती है कि जीवन में चैन नहीं शांति नही, मन बड़ा चंचल है, बहुत दुखी हूं गृहस्थी के पचड़े में फंसा हूं आदि आदि! मगर सहज मार्ग गृहस्थी को पचड़ा नही समझता और न उपदेश ही देता हैं कि झूठ मत बोलो, पाप मत करो इत्यादि इसलिए कि अगर कहने मात्र से ही यह सभी गुण हम में आ जाते तो आज संसार का यह हाल न होता, सहज-मार्ग साधना आपको साधन करने पर जोर देती है और उपदेशों पर विश्वास नहीं करती और वही बतलाये गये उपदेश जो अभी तक पूरी जिन्दगी में भी हमारे जीवन में न उतर सके, वह सभी गुण स्वयं इस साधना से जीवन में उतरने लगते है और हम अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने लगते है, और सहज-मार्ग साधना में पथ पदर्शक समय-समय पर अभ्यासी को देखता रहता है और अपनी प्राणाहुति शक्ति द्वारा उसको आगे बढ़ाने में मदद देता जाता है।

मैं बहुत से ऐसे भाइयों को जानता हूं जिन्होंने बचपन से पूजायें शुरू की और आज जीवन का दीपक बुझने की कोशिश पर खड़े है, न जाने यह टिमटिमाता दीपक कब बुझ जाय, मगर जो आदत बेइमानी या मिलावट करने की थी वह आज भी है। जहां से चलना आरम्भ किया था अब इस

उम्र में भी उसी जगह खड़े हैं, तो बताइये वह सभी समय आपका बेकार नहीं गया तो क्या काम आया। मैं अन्य पूजाओं के बारे में यह नहीं कह सकता कि गलत हैं, मगर वह सभी समय के साथ थी, पहले ठीक हो सकती थी, मगर आज नहीं। दूसरे यह भी है कि जो कुछ करते हैं उसको समझने की चेष्टा भी नहीं करते और बे समझे उसको यह समझकर करने लगते हैं कि यह सभी लोग करते हैं, हमारे बाप, दादे करते आये हैं। लोग बे समझे कैसे करते हैं इस को मैं बतलाने जा रहा हूँ। मैं जब मन्दिरों में जाता था तो सभी लोग चन्दन घिसते जाते थे और मुंह से राम नाम गुनगुनाते जाते थे, मगर मन का पता ही नहीं था कि ग्राहक के पड़े झगड़े में या व्यापार में अचानक आ गये मन्दे के नुकसान की उधेड़ बुन में पड़ा-पड़ा क्या-क्या सोच रहा था, लोग चन्दन घिसते कर मस्तक पर बड़े सुन्दर ढंग से लगाते थे। मानो कोई मस्तक पर डिजाइन बना रहे हों, मैं खड़ा-खड़ा यह सोचता था कि चन्दन लगाने से ईश्वर कैसे मिल सकता है, इस का मन से क्या सम्बन्ध है। जब मैंने एक भक्त जी से पूछा कि चन्दन और मन का क्या सम्बन्ध है, मैं भी लगाना चाहता हूँ। मेरी भी बड़ी इच्छा थी चन्दन लगाने की मगर तबियत हट जाती थी, जब देखता था कि जो व्यक्ति चन्दन तो लगाते हैं, मगर दुकान में जाकर बेईमानी, मिलावट आदि खूब करते हैं और झूठ भी खूब लम्बी चौड़ी बोलते हैं। मेरी समझ में कुछ नहीं आया और विश्वास भी नहीं होता था, तो भक्त जी ने यही उत्तर दिया, नारायण! अच्छा होता है, ईश्वर खुश होते हैं लगाने से, जीवन सुधरता है, मैं चुप रह गया और सोचता रह गया, जब ६० वर्ष तक इस भक्त जी ने चन्दन लगाया अब तक जीवन कुछ भी न सुधरा तो क्या भगवान के घर जाने पर सुधरेगा। इस चन्दन लगाने की बात को बहुत से चन्दन लगाने वालों से पूछा मगर सभी ने यही उत्तर दिया जो भक्त जी ने दिया था, लोग लगाते तो अवश्य हैं, मगर चन्दन लगाने की प्रथा क्यों चलाई गई, क्या लाभ होता है कोई नहीं जानता। एक रोज एक स्वास्थ्य सम्बन्धी पुस्तक पढ़ रहा था—उसमें चन्दन का महत्व भी लिखा था हमारे शरीर में सत्तर हजार नाड़ियां होती हैं जिनमें तीन मुख्य हैं—ईड़ा, पिंगला और सुषुम्ना, इनका जहां-जहां छोटी नाड़ियों से सम्बन्ध है जुड़ता है ठीक उन्हीं स्थानों पर चन्दन लगाया जाय तो सभी नाड़ियों में ठंडक पहुंचती हैं—नाड़ी मजबूत होती है, उन नाड़ियों का सम्बन्ध मस्तक में भी है जहाँ त्रिकुटी है, अब आप सोचिये लोग तो अन्दाज से चन्दन लपेट लेते हैं। कहां लगाना चाहिए। यह किसी को भी पता नहीं, मस्तक में जहाँ त्रिकुटी है वहीं ठीक निशान पर

लगाने से लाभ होता है। और वह स्वास्थ्य के लिए लाभ-प्रद होने के कारण इसे धर्म का रूप दिया गया —जब जानकारी नहीं तो करने से लाभ क्या ? परन्तु करने से पहले यह देख लेना चाहिये कि जो कुछ कर रहे हैं वह ठीक है या नहीं। लाभ होता है या नहीं। अगर लाभ नहीं होता तो नुकसान क्या होता है -- अब आप सोचिये जहाँ नाड़ियों का आपस में सम्बन्ध जुड़ता है वहाँ नहीं लगेगा तो चन्दन का तो नुकसान होता ही है। मुझे यही आश्चर्य है जब लाभ नहीं होता तो उसे किये क्यों जाते हैं। माना कि आज शास्त्री जी ने गेहूँ के अभाव के कारण गेहूं हफ्ते में एक बार न खाने की प्रथा चलाई और हफ्ते में एक बार होटल आदि बन्द रखने का आदेश दिया और इसी प्रकार के अनेकों प्रतिबन्ध लगाये हैं। जब हमारे देश में खपत से भी अधिक गेहूं होने लगे तो क्या हमारी यह अक्लमंदी है कि हम उसी नियम को लेकर चलें और उसे यह न सोचे कि वह क्या समय था क्यों उस समय ऐसे नियम लगाये गये और आज क्यों उन नियमों की आवश्यकता न रही और अब समय क्या है, मनुष्य की क्या-क्या समस्यायें हैं उन्हीं को ध्यान में रखते हुये ही नये नियम बनाये जाते हैं। मैं पूछता हूं पहले लोग बैलगाड़ी पर चलते थे, आज क्यों ट्रेन,मोटर और हवाई जहाज पर चलते हैं।

सहज-मार्ग साधना में गृहस्थ-धर्म की हर उलझी हुई समस्याओं को ध्यान में रखकर अपने अनुभव के आधार पू० लाला जी, महाराज ने एक सहज मार्ग साधन की नींव रखी जो आज आप सबके सामने है। सहज कैसे है यह तो साधना करके ही आप अनुभव कर सकते हैं।

Speech

Shri Ram Chandraji, (President)

(Delivered at Mysore in December, 1965)

There are so many amongst us who eagerly hanker after realisation and freedom and they feel it as their duty. But when we talk of duty we find ourselves enclosed within a sort of limitation. What is that limitation? It is only a narrower sphere of thought and wisdom. As for our present level it is that of finiteness which we can not get away from, and from which we proceed on to broader visions, I mean the vision of the Absolute Reality. But that depends mainly on the means and methods we apply for the purpose. If perchance we fall upon means which go on adding to our limitations and bondages, we shall definitely remain away from the vision of the Reality-absolute. There may be methods to suit the temperament of particular individuals, but which may basically be wrong or in other ways inefficient and may serve like a toy for a child to play with only to offer him a temporary lull but which may lead him further to temptations for more and more enjoyment of pleasures, and happiness. That may perhaps be the charm to induce him further on the path of happiness. But so long as he remains

